# जनपद फिरोजाबाद, सपोर्टिव सुपरविजन भ्रमण

## दिनांक 27 से 29 सितम्बर 2016

**भ्रमण कर्ता–**

1. डॉ0 आलोक रंजन, संयुक्त निदेशक, मेन्टल हेल्थ,
2. डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल, उपमहाप्रबन्धक मातृ स्वास्थ्य,
3. डॉ0 के0के0 धवन, तक0 परामर्शदाता, एम0 एण्ड ई0।

**1. जिला महिला चिकित्सालय, फिरोजाबाद, की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ0 उपमा सिंह के साथ अस्पताल के निरीक्षण एवं अभिलेखों के परीक्षण में निम्न तथ्य सामने आये।**

- अस्पताल की स्वच्छता सन्तोषजनक थी। नोटिस एवं डिसप्ले बोर्ड अद्युनान्त नहीं थे।
- कुछ शौचालयों में ड्रेन पाइप व कनेक्टर्स निकले हुए थे।
- दीवारों पर कार्यक्रम सम्बन्धी (एस0बी0ए0 प्रोटोकाल पोस्टर) प्रचार सामग्री की कमी थी।
- निर्धारित ए0एन0सी0, लेबर रूम तथा रेफरल रजिस्टर उपलब्ध न होने के कारण सूचनाएं समान्य रजिस्टर में अकिंत की जा रही थीं। डी0पी0एम0 गाजियाबाद को इन रजिस्टर के जनपद स्तर पर मुद्रण कराकर समस्त इकाइयों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
- जे0एस0वाई के नये प्रारूप का इस्तेमाल नहीं हो रहा था तथा लाभार्थियों को जे0एस0वाई भुगतान प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा था। जे0एस0वाई भुगतान की सिथिति असंतोषजनक है।
- लेबर रूम में लेबर टेबिल कम चौड़ी तथा जंग लगी है। गोपनियता हेतु पर्दे लगवाने के निर्देश दिये गये। लेबर रूम में निर्धारित 7 ट्रे की उपलब्धता थी परन्तु व्यवस्थित लेबलिंग के निर्देश दिये गये। प्रोटोकाल पोस्टर का प्रदर्शन अपर्याप्त था व पार्टोग्राफ का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। उपकरणों के ऑटोक्लेव का रिकार्ड संतोषजनक नहीं था।
- अधीक्षिका महोदया को जे0एस0वाई प्रशासनिक मद व आर0के0एस0 में उपलब्ध धन की जानकारी नहीं थी।
- एस0एन0सी0यू0 तथा एन0आर0सी0 में मात्र बाल रोग विशेषज्ञ व अन्य स्टाफ मौजूद होकर नवजात शिशुओं को सेवाएं प्रदान कर रहे थे। जिला पुरूष चिकित्सालय में उपलब्ध बाल रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।
- जनपद में एजेन्सी दत्ता एण्ड कम्पनी मथुरा द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट की सेवाएं प्रदान की जा रही है। उनके द्वारा पर्याप्त लॉजिस्टिक उपलब्ध न कराये जाने के कारण विभिन्न कलर्ड बिन्स में वेस्ट सेग्रीगशन व लिफ्टिंग उचित ढंग से सम्पादित नहीं हो रहा था।

**2. नगरिय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगलाबारी–**

- प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 राखी पारिक 26, 27,एवं 28 सितम्बर को अनुपस्थित थीं।
- लेबर रूम में आक्सीजन सिलेन्डर की चाबी नहीं थी सक्शन ऑपरेटर कार्य नहीं कर रहा था एवं उपकरणों को विसंक्रमित करने की कोई व्यवस्था नहीं थी।
- टीकाकरण सम्पादित करने वाली ए0एन0एम0 द्वारा मेंजस का टीका मांस में लगाया गया तथा हब कटर से निडिल नहीं काटे जा रहे थे।

- लैब टेक्नीशियन द्वारा साहली पिपेट न होने के कारण मैचिंग काउण्टर से हीमोग्लोबिन नापने की बात स्वीकारी।
- कोल्ड चेन की व्यवस्था असंतोषजनक थी। कक्ष में साफ सफाई नहीं थी।

**3.सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरगढ़, के अधीक्षक डा0 कपिल यादव के साथ अस्पताल के निरीक्षण एवं अभिलेखों के परिक्षण में निम्न तथ्य सामने आये।**

- नोटिस एवं डिसप्ले बोर्ड अद्युनान्त नहीं थे।
- दीवारों पर उपलब्ध प्रचार प्रसार सामग्री में मातृ स्वास्थ्य सम्बन्धी ( एस0बी0ए0 प्रोटोकॉल पोस्टर ) प्रचार सामग्री का अभाव था।
- निर्धारित ए0एन0सी0, रूम तथा रेफरल रजिस्टर उपलब्ध न होने के कारण सूचनाएं सामान्य रजिस्टर में अंकित की जा रही थी। डी0पी0एम0 फिरोजाबाद को इन रजिस्टर के जनपद स्तर पर मुद्रण कराकर समस्त इकाइयों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
- जे0एस0वाई के नये प्रारूप का इस्तमाल नहीं हो रहा था तथा लाभार्थियों को जे0एस0वाई भुगतान की स्थिति अतयन्त खराब है। खाता न होने के कारण लाभार्थियों के भुगतान लाम्बित है।
- लेबर रूम में लेबर टेबिल पर कोई मैट्रस व मैकेनटॉस नहीं था। निर्धारित ट्रे की उपलब्धता असंतोषजनक थी, प्रोटोकाल पोस्टर का प्रदर्शन अपर्याप्त था व पार्टोग्राफ का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। सम्बद्ध शौचालय गंदा था। उपकरणों के ऑटोक्लेव का रिकार्ड नहीं।
- वार्ड में एकमात्र प्रसूता महिला महिला मौजूद थी। 200 से अधिक प्रसव प्रतिमाह वाली इकाई में केवल 01 महिला का भर्ती होना रिर्पोटिंग के प्रति संदेह उत्पन्न करता है। प्रसूताओं को भोजन दिये जाने की बात कही गयी परन्तु पुष्टि हेतु कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं था।
- बायोमेडिकल वेस्ट की सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वरा सेवाएं प्रदान नहीं की जा रही है। वेस्ट सेग्रीगेशन व डिस्पोजल उचित ढ़ग से सम्पादित नहीं हो रहा था।
- एम0सी0टी0एस0 के वर्कप्लान जनरेट नहीं किये जा रहे है।
- स्टोर रूम में औषधियों एवं अन्य सामग्रियों का रख रखाव उचित ढ़ग से नहीं किया जा रहा है। ड्रग कन्जम्शन रजिस्टर व एक्सपायरी रजिस्टर अद्युनान्त नहीं थे।

**4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र फरिहा–**

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फरिहा के परिसर में बने उपकेन्द्र फरिहा के भ्रमण में 35 डिलीवरी प्रती माह वाले उपकेन्द्र का लेबर रूम अत्यधिक दयनिय अवस्था में था। 2 जंग लगी लेबर टेबिल में से पर मैकेनटॉस पड़ा हुआ था।
- उपकेन्द्र में पानी बिजली, शौचालय, लेबर ट्रे व औषधियों का अभाव था। कक्ष में पड़े पलंग के नीचे एक कुत्ता मौजूद था। संविदा ए0एन0एम0 शशि लता वेस्ट डिस्पोजल एवं प्रसव कक्ष की बदहाली पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फरिहा का भवन बना हुआ है परन्तु चिकित्सक की उपलब्धता न होने के कारण एक एल0ए0 व एच0आई0 द्वारा कार्य उपकेन्द्र भवन से ही सम्पादित किया

जा रहा है। भवन में विद्युत विभाग का एक कर्मचारी बिजली के बिल का पेमेन्ट एकत्रित कर रहा था।

**5 एफ0आर0यू0 डी0सी0एच0सी0 शिकोहाबाद–**

- अस्पताल स्वच्छ था प्रचार प्रसार सामग्री अच्छे से प्रदर्शित थी।
- लेबर रूम, वार्ड तथा शौचालय में सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक पायी गयी।
- स्टैण्डर्ड ए0एन0सी0 रजिस्टर, लेबर रूम रजिस्टर तथा सन्दर्भन रजिस्टर नहीं थे। पार्टोग्राफ का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। पर्याप्त ट्रे की उपलब्धता नहीं थी।
- सीजेरियन ऑपरेशन स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने के कारण नहीं हो रहे थे। एन0बी0एस0यू0 में बाल रोग विशेषज्ञ न होने के कारण कार्य नहीं हो रहा था।
- जननी सुरक्षा योजना का लाभार्थी भुगतान प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत डाइट रजिस्टर देखने को मिला परन्तु अधिकांश प्रसूतायें 48 घण्टे नहीं रूकतीं।
- बायो वेस्ट डिस्पोजल प्रबन्धन सही प्रकार से नहीं हो रहा है।